हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 सामाजिक प्रगति की नींव, एकजुटता और साझा...



12 शिक्षा और संगठन से ही होगा समाज का उत्थान





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
फोन : 9893744470

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे लाटापारा एवं गेदराबेड़ा के आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्त वनंचल में बसे ग्रामों के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति के ग्रामीण आज आजादी 79 वर्षों पश्चात भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यहां राज्य और केन्द्र सरकार के तमाम विकास के दावे की पोल खुलकर रह जाती है। आज भी यदि ग्रामीणों को पीने के लिए साफ पेयजल न हो तो उस गांव की विकास की बात ही बेमानी है। गांव में जल जीवन के तहत पानी की टंकी तो बनाया गया है लेकिन उसमें पानी नहीं निकलती और तो और आज तक इन ग्रामों में बिजली की रौशनी नहीं पहुंची है। गांव में 15 वर्ष पहले क्रेड़ा विभाग द्वारा सौर उर्जा लगाया गया था जिसके कलपूर्जे खराब हो गए है और पिछले 6 माह से बंद पड़ा है। रात के अंधेरे से लड़ने के लिए आदिवासी ग्रामीणों को लालटेन और चिमनी जलाना पड़ता है लेकिन अब तो मिट्टी तेल भी नहीं मिलता।

### पेयजल योजना फेल, प्यास बुझाना हुआ दूभर





गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 44 किलो मीटर दूर में बसा ग्राम गेदराबेड़ा और लाटापारा ओड़िसा सीमा से लगा ब्लाक के अंतिम छोर का गांव है। यह ग्राम पंचायत गौरगांव के अंतर्गत आता है। गेदराबेड़ा लाटापारा की जनसंख्या 750 के आसपास है और आदिवासी बहूल्य ग्राम है। गौरगांव से इन दोनो ग्रामों की दूरी 4-5 किमी है लेकिन आज तक पक्की सड़क नहीं बना है। बारिश के दिनों में नदी- नालों में ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### दो स्थायी वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अभनपुर।** पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण के निर्देशन में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अभनपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 6 से 7 वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च को थाना अभनपुर क्षेत्र में किरायेदार जांच अभियान चलाया गया। इसके साथ ही रात्रि में थाना अभनपुर पुलिस द्वारा कांबिंग गश्त भी की गई। इसी दौरान लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। पहले मामले में लवकेश प्रताप सिंह बघेल, अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय रायपुर पॉक्सो एक्ट के तहत जारी स्थायी वारंटी दिनेश बंजारे उर्फ दिना पिता जवाहर लाल बंजारे (24 ), निवासी अभनपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पिछले लगभग 6 वर्षों से फरार चल रहा था। वहीं दूसरे मामले में शेखर उर्फ चन्द्रशेखर सिन्हा पिता बलदाउ सिन्हा उम्र 20 वर्ष निवासी अभनपुर को गिरफ्तार किया गया, जो लगभग 7 वर्षों से फरार था। अभनपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को 8 मार्च को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### टेरिटोरियल आर्मी में हुआ कन्हैया बघेल का चयन

**अभनपुर।** ग्राम पचेड़ा-2 निवासी कन्हैया बघेल (24) का चयन टेरिटोरियल आर्मी (टी ए) में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कन्हैया बघेल साधारण परिवार से हैं। उनके पिता का बचपन में ही निधन हो गया था और उनकी माता आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत हैं। परिवार की जिम्मेदारियों के साथ उन्होंने पढ़ाई जारी रखते हुए दर्जी का काम भी किया। करीब दो वर्ष पहले क्रिकेट खेलते समय घुटने में गंभीर चोट लगने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और कड़ी मेहनत से लिखित व शारीरिक परीक्षा पास कर टेरिटोरियल आर्मी में स्थान हासिल किया।उनकी इस सफलता पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पूर्व सैनिक संगठन व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कार्रवाई : छुरा-नुआपाड़ा कनेक्शन आया सामने, दो आरोपी अब भी फरार

# अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, तेंदुए की खाल जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद/मैनपुर

गरियाबंद जिले में वन्यप्राणी तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम ने एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तेंदुए की खाल बरामद की है। इस मामले में अब तक दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 5 मार्च को विभाग को गोपनीय सूचना मिली थी कि रायपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130सी के रास्ते वन्यप्राणी अंगों की तस्करी होने वाली है। सूचना मिलते ही तौरेगा वनोपज जांच नाका पर सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। जांच के दौरान रायपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की मारुति सुजुकी ईको (सीजी 04 पीटी 2966) को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसके भीतर से तेंदुए की आधी खाल (बिना सिर और पंजे वाली) बरामद हुई।



### फरार आरोपियों की तलाश और सर्च ऑपरेशन

मौके पर ही वाहन को जब्त कर उसमें सवार जमरसाय (55 वर्ष) निवासी कटेलपारा छुरा और चालक सूरज नेताम (21 वर्ष) निवासी कांटाखुसरी छुरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने तेंदुए की खाल की अवैध तस्करी करना स्वीकार किया। जांच के दौरान आरोपी जमरसाय की निशानदेही पर ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के धर्मबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमपुर निवासी मंगलू मांझी (60 वर्ष) को भी पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में उसने जुलाई 2025 में बिजली के करंट से जंगली सूअर और तेंदुए जैसे वन्यप्राणियों का शिकार करने की बात स्वीकार की है। वन विभाग के मुताबिक इस मामले में छुरा क्षेत्र के दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### अधिकारियों का मार्गदर्शन

वहीं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम टाइगर रिजर्व के आसपास करीब 50 किलोमीटर के दायरे में विशेष सर्च अभियान भी चलाएगी। यह पूरी कार्रवाई पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण पांडेय, सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार और उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में छत्तीसगढ़ पुलिस साइबर सेल और वन परिक्षेत्र उत्तर उदंती मैनपुर के वन अमले का विशेष सहयोग रहा।

# राजिम-फिंगेश्वर क्षेत्र में निस्तारी की समस्या होगी दूर : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

विधायक रोहित साहू के प्रयास से सिकासार जलाशय से 1350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। राजिम-फिंगेश्वर क्षेत्र के लोगों ने तालाब, नदी और नालों में पानी की कमी व निस्तारी की समस्या को लेकर विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर इस समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया था। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विधायक श्री साहू ने गरियाबंद कलेक्टर को इस संबंध में जानकारी दी और आवेदन देकर सिकासार जलाशय से पानी छोड़ने की बात कही। विधायक के इस बात को कलेक्टर बीएस उईके ने गंभीरता से लिया और सिकासार जलाशय से 1350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बता दें कि यह पानी कुकदा पिकअप वियर तक पहुंच चुका है। यहां से इस पानी को राजिम और फिंगेश्वर ड्रिरिब्यूटर से जोड़ा जा रहा है, जिससे राजिम-फिंगेश्वर क्षेत्र के विभिन्न गांवों के तालाब, नदी-नाले और अन्य जल स्त्रोतों में पानी पहुंचेगा। इससे ग्रामीणों को निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा और गर्मी के मौसम में होने वाली जल समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। विधायक रोहित साहू ने बताया कि क्षेत्र में लगातार मिल रही जनमांग को देखते हुए अधिकारियों से चर्चा कर सिकासार जलाशय से पानी छोड़ने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सिकासार जलाशय से अतिरिक्त 650 क्यूसेक पानी और बढ़ाकर छोड़ा जाए, ताकि राजिम-फिंगेश्वर क्षेत्र के अधिक से अधिक गांवों तक पानी पहुंच सके और तालाबों व जल स्त्रोतों का जलस्तर बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों को निस्तारी, पशुओं के लिए पानी तथा अन्य आवश्यक उपयोग के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आगे भी यदि आवश्यकता होगी तो ▶▶ शेष पेज 10 पर



■ सिकासार जलाशय से छोड़ा गया पानी

## संवाद कार्यक्रम...



**राजिम।** कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता की पूजा अर्चना दीप प्रज्जवलित से हुआ। ब्रम्हचर्य आश्रम के पंडितो के स्वस्तिवाचन के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी, विधायक रोहित साहू, अमितेश शुक्ल, चंदूलाल साहू ने दीप प्रज्जवलित किया। (विस्तृत समाचार पृष्ठ 12 पर)

# अफीम खेती मामले में कांग्रेस ने तिरंगा चौक पर किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



दुर्ग जिले में सामने आए कथित अफीम खेती मामले को लेकर प्रदेश में सियासत तेज हो गई है। इसी कड़ी में रविवार को गरियाबंद जिला मुख्यालय के तिरंगा चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर आक्रोश जताया। वहीं कांग्रेसियों ने प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा को नैतिकता के आधार पर स्तीफा मांगा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा अध्यक्ष,रमेश शर्मा ,नीरज ठाकुर, सन्नी मेमन, राजेश साहू, मेघनाथ बघेल, चमन साहू, जुनैद खान, चंद्रभूषण चौहान, अमित मिरी,सुरेश मानिकपुरी,रमेश मेश्राम, पंचराम, भूपेंद्र साहू, गणेश राम नेताम, सुभाष, अब्दुल कादर हिंगोरा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिले भर से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नशे की खेती के मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से अवैध नशे के कारोबार में तेजी आई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के समय धान की खेती को बढ़ावा दिया गया था, जबकि वर्तमान में भाजपा सरकार के कार्यकाल में अफीम जैसी नशे की खेती को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती का मामला सामने आया है, जिसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। बेसरा ▶▶ शेष पेज 10 पर

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्तियों का सम्मान

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रही आर्थिक मजबूती: रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजिम के कृषि उपज मंडी प्रांगण में महतारी वंदन सम्मेलन का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में माताएं, बहनें एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। कार्यक्रम स्थल पर नारी शक्ति का विशाल जनसमूह उमड़ा, जिसने महिला सम्मान और सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव ने की। मंच पर जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इन्द्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, नंदनी ओंकार साहू, नंदनी कोमल ढीढ़ी, जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, राजिम भक्तिन मंदिर समिति अध्यक्ष लाला साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री छाया राही, मधु नत्थानी, देवकी साहू, खुशी साहू, पार्षद आकाश राजपूत, भारत यादव, बलराम निषाद, तुषार कदम,सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि नारी शक्ति के सम्मान, स्वाभिमान और योगदान को नमन करने का दिन है। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 10 पर





### नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला है। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। वहीं जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष श्रीमती मीरा ठाकुर ने कहा कि महिलाएं समाज की धुरी हैं। जब एक महिला सशक्त होती है तो पूरा परिवार और समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना ने महिलाओं के भीतर नया आत्मविश्वास और आत्मबल पैदा किया है। आज राजिम की पावन धरा पर उमड़ा यह विशाल जनसैलाब नारी शक्ति की जागरूकता और एकता का प्रतीक है। सम्मेलन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं स्व-सहायता समूहों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# शहनाइयों की गूंज के बीच बाजारों में बढ़ी रौनक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

वैवाहिक मुहूर्त शुरू होते ही शादी की शहनाई एंव ढोल की गुंज अब ग्रामीण क्षेत्र में जमकर सुनाई देने लगी है। गांव-गांव इन दिनों शादी विवाह की धुम मची हुई है। शादी विवाह के चलते जहां एक ओर बाजार में भारी चहल पहल देखने को मिल रहा है जमकर खरीदारी हो रही है। वहीं यात्री बस एवं वाहने प्रभावित हो रहे है एक मुहूर्त में कई शादियां होने के कारण जहां एक ओर बारात आने जाने के लिए वाहन नहीं मिल पा रहे है। वहीं लोगों को दूर-दूर से ढोल बाजा मंगवाना पड़ रहा है और तो और शादी सीजन के चलते कपड़ा दुकानों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। यात्री बसों में भी भारी भीड़ चल रही है। टेण्ट कैटरीन वालो के पास भारी कम बढ़ गया है। गांव-गांव इन दिनों शादी- विवाह की धुम मची है।

**खबर संक्षेप**

### आंबा कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 20 मार्च तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद के तहत नगर पंचायत कुरूद के वार्ड क्रमांक 15 वंदेमातरम् वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-16 में कार्यकर्ता और मरौद सेक्टर के ग्राम पंचायत भाठागांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 20 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद ने बताया कि संबंधित वार्ड अथवा ग्राम की निवासी महिला इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन कर सकती हैं।

### प्रताप सिंह अध्यक्ष व देवानंद सेन सचिव बने

**नगरी।** श्रीवास सेन समाज क्षेत्र नगरी-सिहावा अंतर्गत उपक्षेत्र कांकेर, बस्तर, बिंद्रानवागढ़ एवं रायघर की महासभा का आयोजन ग्राम हरदीभाट स्थित सामाजिक भवन में हुई। पदाधिकारियों ने समाज के विकास और संगठन को मजबूत बनाने पर अपने विचार रखे। सचिव द्वारा समाज की आय-व्यय का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया गया। पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद उसे भंग करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष प्रताप सिंह सुरेशा (बिरनपुर), उपाध्यक्ष कृष्णा सेन (धनोरा), सचिव देवानंद सेन (देवपुर), कोषाध्यक्ष विष्णु सेन, संरक्षक मंडल भानेंद्र सिंह सुरेशा (बिरनपुर), उदयलाल सेन (राजपुर), संगठन मंत्री धर्मेंद्र सेन (बोराई) बनाए गए।

**आयोजन : उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया**

# महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज के विकास में दे रहीं योगदान : जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैनपुर के सामुदायिक भवन प्रागंण में रविवार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप,विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, जनपद सभापति सुनीता यादव, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, सुकचंद ध्रुव प्रतापसिंह मरकाम, जामुनबाई नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदू यादव, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी समीर सौरभ,परियोजना अधिकारी लीलावती सेन ने छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान अतिथियों का गुलदस्ता भेंटकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा सशक्त भारत के निर्माण में महिलाओ की अहम भुमिका रही है महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है महिला दिवस महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर है आजादी के पहले विरांगना लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती के साथ-साथ अन्य महिला वीरो के योगदान को नही भुलाया जा सकता तो वही राजनीति, सामाजिक, साहित्य, सांस्कृतिक, खेल, विज्ञान के साथ -साथ सभी क्षेत्रे मे महिलाओ का सशक्त भारत के निर्माण में अहम भूमिका है जिसे नहीं भुलाया जा सकता। जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा की छत्तीसगढ़ मे जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से यह सरकार गांव गरीब किसान मजदूरों के हितों में लगातार कार्य कर रही है। इस सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना में एक महतारी वंदन योजना है माताओं का आज सम्मान करने के लिए हम लोग यहां उपस्थित है इस योजना से महिलाओं को काफी लाभ मिल रहा है महिलाएं आत्म निर्भर हो रही है आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य की लगभग 69 लाख से अधिक पात्र महिलाओं के खातों में योजना की 25वीं किस्त के रूप में 1000 की राशि सीधे ट्रांसफर की है। श्री कश्यप ने कहा की पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जिसे माता के नाम से पुकारा जाता है यह हमारा सौभाग्य है कि हम छत्तीसगढ़वासी छत्तीसगढ़ महतारी कहते है।

### महिलाएं समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रही

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने कहा महिलाओं को अपने मन में सभी प्रकार के कार्यां को करने के लिए दृढ़संकल्पित होना चाहिए। महिलाएं मजबूत इच्छा शक्ति से ही सभी प्रकार के कार्य कर सकती हैं। महिलाओं को जब भी अवसर मिला है, उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आप को बेहतर रूप से साबित करके दिखाया है। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रही है महिलाओं का सशक्तिकरण समाज और देश के विकास की सबसे मजबूत कड़ी है। इस दौरान कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ स्पर्धा एवं स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा के विजेताओं का सम्मान किया गया। साथ ही महिला फुगड़ी, महिला रस्साकशी, निम्बू चम्मच स्पर्धा, महिला कुर्सी दौड़ के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।





### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में एनीमिया कैम्प लगाए गये जहां महिलाओं के एनीमिया बीपी और शुगर की जांच की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रभारी परियोजना अधिकारी लीलावती सेन, पर्यवेक्षक नीता अवधिया, जिला चाईल्ड राईट एसोशिएसन के मो. सारिब खान, कविता ठाकुर, दशमत भारती, पुष्पा ध्रुव, गीतांजली सिन्हा, इन्द्राणी बंजारे, नाजिया हसन, हेमलाल प्रधान, ओमेश्वरी कंवर, हेमिन निर्मलकर, बिलासो ध्रुव, एवती कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, कमला यादव, ललिता नेगी, रूकमणी साहू, रेखा यादव, खिलेश्वरी ध्रुव, कौशिल्या नागेश, गायत्री ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या मे महिलाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक यशवंत बघेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन विभाग के लीलावती सेन ने किया।

## रावनगुड़ा में यादव समाज ने मनाया होली मिलन

- कोसरिया यादव समाज ने बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिर्री

ग्राम रावनगुड़ा में कोसरिया यादव समाज कोकड़ी पाली की समाजिक बैठक व होली मिलन कार्यक्रम हुआ। यादव समाज ने बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। होली गीत गाते हुए नगाड़ा बजाकर खूब नाचे।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप यादव खर्रा, संरक्षक कृपाराम यादव नारी, संरक्षक कुमार यादव रावनगुड़ा, युवा अध्यक्ष यशवंत यादव कोकड़ी, कोषाध्यक्ष सुरेद्र यादव संकरी, सचिव होरी यादव कोकड़ी, पंच रोहित यादव खर्रा, नारायण यादव रावनगुड़ा, विजय रावनगुड़ा, समाज सेवक टुमेश यादव दर्रा, सदस्य त्रिलोक यादव, विजय यादव, शांतनु यादव, धर्मेंद्र यादव, टिकेश्वर यादव, ईश्वर, ईशु, परस, नागेश यादव, फनीष यादव शामिल हुए।



## उत्कृष्ट कार्य करने पर महिलाएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सरस्वती शिशु मंदिर के सामने व्यायाम शाला में छुरा में आयोजन वेटलिफ्टिंग संघ गरियाबंद, महिला बैडमिंटन ग्रुप, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, के द्वारा मनाया गया विशेष कर मार्गदर्शन एवं संयोजक के रूप में शीतल ध्रुव समाजसेवी थे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम को शुभारंभ मां भारती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया आयोजक द्वारा अतिथियों का तिलक पुष्प गुच्छ बैच लगाकर स्वागत किया गया श्रीमती राजेश्वरी ठाकुर जनजाति आदिवासी समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए एवं विभिन्न क्षेत्रों में खेल ,शिक्षा ,पर्यावरण साहित्य के लिए सम्मान किया गया ठाकुर ने बताया परिवार की जिम्मेदारियां के साथ महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रही है महिलाएं शिक्षित हो, जागरूक हो और आगे बढ़े और अपने बेटियों को पढ़ाऐ श्रीमती देवश्री ध्रुव फिजियोथैरेपी स्वास्थ्य विभाग सेवा कार्य के लिए एवं खेल के लिए प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत सम्मान किया गया उन्होंने बताया आज का समय और वातावरण इस तरह अपना उदाहरण प्रस्तुत करता है कि आज महिलाएं सिर्फ पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर नहीं बल्कि अपने साथ अपनी महिलाएं साथियों को भी लेकर चल रही है प्रथम सुख निरोगी काया स्वास्थ्य प्रति जागरूक हो अपने परिवार बच्चों का ख्याल रखें। श्रीमती चित्ररेखा नागेश अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं जनजातीय आदिवासी समाज के लिए स्वागत सम्मान किया गया उन्होंने बताया खेलों के क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ चुकी है खेल के क्षेत्र में कैरियर बना रही है और अपने दम पर अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर अपना पहचान बन चुकी है, महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में देश सेवा कर रही तुलेश्वरी कंवर एवं सपना कंसारी अधीक्षक आदिवासी विद्यार्थियों को सेवा कार्य के लिए सम्मान किया गया यंतिका नेताम, अंशु लहरे, सुमन लहरें स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ है सेवा कार्य के लिए सम्मान किया गया, मेनका ध्रुव, कु प्रेरणा चंद्राकर कुमारी मोनिका मरकाम सहायक प्राध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए सम्मान किया गया, शहीद परिवार फरस को श्रीफल साल से सम्मानित किया गया हीरा निषाद, उषा साहू गृहणी पुष्प गुच्छ श्रीफल साल स्वागत सम्मान किया साथ ही साथ महिला खेल दिवस के अवसर पर बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद जिला खेल अधिकारी ऋषा ठाकुर मार्गदर्शन में बैडमिंटन प्रतियोगिता हुआ विजेता उपविजेता एवं सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से चंद्रभूषण निषाद ,पुराणिक नागेश, अश्वनी साहू,भूपेंद्र ध्रुव,गुलाब दीवान, राजकुमार लहरे, यशवंत सिन्हा, डिकेश्वरी गोस्वामी एवं छात्रगण खिलाड़ीगण महिलाएं उपस्थित थी।



## क्षेत्र में होली शांतिपूर्ण मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|मगरलोड

- नगाड़ों की थाप में युवा थिरके

रंगों का पर्व होली क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर पर्व की बधाई दी। कई गांवों में 2 मार्च की रात्रि में होलिका दहन किया गया। कई गांवों में 3 मार्च को होली जलाई गई। 4 मार्च को लोग रंगों से सराबोर थे। सुबह से ही बच्चे, युवा रंग गुलाल खेलते नजर आए। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड सहित भैंसमुंडी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, भोथा, बोरसी, लड़ेर, मोहंदी, बेलोरा, सौनपैरी, बनियातोरा, करेली छोटी, मेघा, अरौद, सौंगा, हरदी, बेलौदी, सांकरा, भोथीडीह, रांकाडीह, कुंडेल, खैरझिटी मोतिमपुर, खिसोरा, हसदा, करेली बड़ी, दमका, मोहरेंगा में होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। नगाड़ों की थाप में युवा थिरकते नजर आए। होली गीतों पर खूब गुलाल उड़े। घरों में महिलाएं ठेठरी, खुरमी, पूड़ी, बड़ा, मीठे पकवान बनाने में व्यस्त रही। शाम को कई गांवों में रहस निकाली गई।



### सिन्हा समाज भवन के विस्तार को मिली मंजूरी

**धमतरी।** शहर के रत्नाबांधा रोड स्थित नेहरू गार्डन के पास बने सिन्हा समाज भवन के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। समाज भवन में अतिरिक्त कक्ष और शेड निर्माण के लिए कुल 30 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा 20 लाख रुपये तथा नगर निगम की ओर से 10 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। बताया गया कि हाल ही में आयोजित सिन्हा समाज के पारिवारिक मिलन समारोह में प्रभारी मंत्री और महापौर रामू रोहरा शामिल हुए थे। उसी दौरान समाज भवन में अतिरिक्त सुविधाओं की मांग रखी गई थी, जिस पर सकारात्मक पहल करते हुए निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत कर दी गई। महापौर रामू रोहरा ने स्वीकृति के बाद नगर निगम के इंजीनियरों को स्थल का निरीक्षण कर समाज की आवश्यकता के अनुसार निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भवन में होने वाले सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सके। राशि स्वीकृत होने की जानकारी मिलने के बाद सिन्हा समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि नए कक्ष और शेड बनने से समाज के कार्यक्रमों के आयोजन में काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, टिकेन्द्र गजेन्द्र, शेखर सिन्हा, प्रेम मगेन्द्र, हेमशंकर सिन्हा, दीपक गजेन्द्र, वामन सिन्हा, हितेन्द्र कटझरे, रामकुमार सिन्हा सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष...

### मूलभूत सुविधाओं ...

बाढ़ आने से इस क्षेत्र के लोग पूरी तरह छत्तीसगढ़ से कट जाते है और तो और यहां के ग्रामीणों को राशन चावल, दाल लेने के लिए गौरगांव आना पड़ता है तब कहीं जाकर उन्हे राशन नसीब होता है स्वास्थ्य सुविधा की कोई व्यवस्था नही है आज भी ग्रामीण झाड़-फूक और ओड़िसा के झोला-छाप डॉक्टरों से इलाज कराने मजबूर होते है। इन ग्रामों में जिला स्तर के अधिकारियों की बात छोड़ दिजिए ब्लाक स्तर के अधिकारी नही पहुंचते ऐसा यहां के ग्रामीणों का कहना है। सरपंच चिमन नेताम, हरिशचंद, रामनाथ, निरंजन नेताम, चरण कुंजाम, सम्पत मंडावी, गोकुल मरकाम, साधु नेताम, लवकुश मरकाम, कुंवर सिंग ने बताया की गेदराबेड़ा में प्राथमिक शाला भवन बेहद जर्जर हो गया है एक अतिरिक्त कमरे में पांच कक्षाओं का संचालन किया जाता है और लाटापारा में एक प्राथमिक शाला भवन 17 वर्ष से अधूरा पड़ा हुआ है आज तक पूरा नहीं हुआ और तो और स्कूल जतन योजना के तहत लाखों रूपए का एक और स्कूल भवन डेढ़- दो साल से अधूरा है कई बार शिकायत कर चूके है अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ यहां के ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा राहा है सबसे ज्यादा परेशानी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों को उठानी पड़ रही है इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके से मांग किया है कि इस क्षत्र की समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठाई जाए जिससे ग्रामीणों को लाभ मिल सके।

### राजिम-फिंगेश्वर क्षेत्र...

प्रशासन से समन्वय कर और पानी छोड़ने की व्यवस्था की जाएगी। क्षेत्रवासियों ने सिकासार जलाशय से पानी छोड़ने की इस पहल के लिए विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के तालाबों और जल स्त्रोतों में पानी बढ़ेगा तथा ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।

### जिला संवाद में...

महेश यादव, नगर पंचायत राजिम के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर,नगर पंचायत राजिम के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर, सेवानिवृत्त प्राचार्य आरबी शर्मा, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नवापारा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष रिखी यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा-जगन्नाथ साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, भाजपा नेता किशोर देवांगन, सहित जिले के कलेक्टर बीएस उइके, एसपी वेदव्रत सिरमौर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आयुष शर्मा,अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर किया गया।

### अफीम खेती मामले...

ने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती बिना किसी राजनीतिक संरक्षण के संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में भाजपा के बड़े नेताओं की संलिप्तता की आशंका है, इसलिए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि मामले में पारदर्शी जांच नहीं हुई तो कांग्रेस आगे भी आंदोलन तेज करेगी। साथ ही प्रदेश के गृहमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग भी की गई। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महतारी वंदन योजना...

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की लाखों महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि समाज के अंतिम छोर पर बैठी महिला तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचे। जब महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव होगा। राजिम में आज उमड़ा यह विशाल जनसमूह इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की महिलाएं अब जागरूक होकर अपने अधिकारों और विकास की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल भी लगाए गए, जहां महिलाओं को योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में विधायक रोहित साहू सहित सभी अतिथियों ने उपस्थित माताओं और बहनों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अतिथियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया। यह भव्य सम्मेलन नारी शक्ति के सम्मान, जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को और अधिक मजबूती देने वाला ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध हुआ।

**राजाबाड़ा में होली दहन एवं फाग गीत का हुआ आयोजन**

## प्रेम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी

नगर व्यवस्था समिति के तत्वावधान में राजा बाड़ा चौक एवं नगर के विभिन्न वार्डों पर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर होली दहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। समस्त देवी-देवताओं का पूजन कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

इसके पश्चात स्वच्छ, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक वातावरण में होली फाग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग, अबीर-गुलाल और पारंपरिक फाग गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बन गया। फाग गीतों की मधुर धुन पर नगरवासी झूमते हुए नजर आए।

नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद यादव ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक एकता, भाईचारा एवं पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, सहदेव साहू, ईश्वर साहू, दीनदयाल, हेमलाल सेन, हरीश सरवा, धर्म निषाद, सचिव दीपेश निषाद, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, सह सचिव सुरेश साहू, अशोक पटेल, नोहर साहू, नरेंद्र नाग सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अगले दिन बुधवार को नगर पंचायत द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल तिलक लगाकर गले लगाया। डीजे की धुन पर रंग-गुलाल के साथ लोग नाचते-गाते नजर आए। पूरे नगर के साथ गांव-गांव में होली का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस,पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, गोलू मंडावी, पार्षद राजा पवार, शंकर देव, नरेश पटेल, देवचरण, श्री बनपेला, श्री तिवारी, रामगोपाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। पर्व को देखते हुए चौक-चौराहों पर पुलिस मुस्तैद थी।





## खबर संक्षेप



### मोहनी साहू को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

**मैनपुर।** लखपती दीदी संवाद कार्यक्रम के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत उत्तम प्रदर्शन कार्य के लिए मैनपुर विकास खण्ड के बैंक सखी मोहनी साहू को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। ज्ञात हो कि रायपुर में कल आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह सम्मान मुख्यमंत्री के हाथो प्रदान किया गया है इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मंत्री सुखवंत साहेब व छत्तीसगढ़ सरकार के कई मंत्री विधायक उपस्थित थे। मोहनी साहू को यह सम्मान मिलने पर गरियाबंद जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर एवं विभाग के लोगो ने उन्हे बधाई दी है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर मारपीट के एक मामले में सांकरा पुलिस ने दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया विनीता भोई पति अजय भोई (28 साल) निवासी सलडीह ने बताया कि चार मार्च की दोपहर करीबन 01 बजे वह अपने पति अजय भोई के साथ मायके गई थी, जहां देखा कि पिता सुरेंद्र भोई घर के आंगन में गिरे पडे थे, उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी थी। पूछने पर पिता ने बताया कि चार मार्च के करीबन 12 बजे तुरन भोई एवं उसके पुत्र नीलांबर भोई घर के अंदर आकर जमीन संबंधी पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए अपने हाथ में रखे डंडा से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### अछोला सोसायटी के सहायक प्रभारी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम अछोला सोसायटी के सहायक समिति प्रभारी के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में तीन लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को रेवाराम साहू निवासी गढ़सिवनी ने बताया कि वह अछोला सोसायटी का सहायक समिति प्रभारी है। 06 मार्च को वह ड्यूटी पर था। शाम करीब 7 बजे वह जोबा चौक में गुड़ाखू लेने के लिये गया था, जहां पर उसके साथ जोबा के दद्दू ध्रुवंशी, लक्की ठाकुर पिता अशोक ठाकुर, टिकेश्वर ध्रुव एक राय होकर गाली गलौज करने लगे। इसके बाद वह वहां से अपनी ड्यूटी पर जोबा सोसायटी कार्यालय आ गया, कुछ देर बाद तीनों आरोपी सोसायटी कार्यालय के अंदर घुसे और पीने खाने के लिये पैसा दो कहा। जब उसने मना किया तब आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।

### जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 9 से

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार नीति आयोग, भारत सरकार अंतर्गत संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत विकासखंड क्षेत्र में आईईसी प्रशिक्षण एवं जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 09 मार्च से 16 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत सांकरा, भुरकोनी, लाखागढ़ एवं सलडीह में वृहद स्तर पर आईईसी प्रशिक्षण एवं शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे।

**आयोजन :** कंडरा आदिवासी समाज के भवन निर्माण का किया भूमिपूजन, समाज में हर्ष

# सामाजिक प्रगति की नींव, एकजुटता और साझा मंच : विधायक रोहित साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम के पुराने मेला मैदान के समीप विधायक रोहित साहू ने कंडरा आदिवासी समाज के नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु विधि-विधान से भूमिपूजन किया। लगभग 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह भवन समाज के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कंडरा आदिवासी समाज के अध्यक्ष विजय कंडरा, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, वार्ड के पार्षद तुषार कदम आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक रोहित साहू ने शिला पूजन और नींव की खुदाई कर किया। इस अवसर पर कंडरा समाज के प्रमुख पदाधिकारियों और भारी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने विधायक का भव्य स्वागत किया।

**भवन के निर्माण से समाज की वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी**



कंडरा आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस भवन के निर्माण से समाज की वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के सामाजिक विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू,पार्षद आकाश राजपूत, राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुश्री छाया राही, पार्षद भरत यादव, सोमनाथ पटेल,बलराम पटेल, संजीव साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख और बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

स्थानीय समाज में इस बात को लेकर विशेष उत्साह देखा गया कि लंबे समय से लंबित इस मांग को विधायक ने प्राथमिकता के साथ पूरा किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब उनके पास विचार-विमर्श और एकजुट होने के लिए एक उचित स्थान हो। कंडरा समाज अपनी कला और संस्कृति के लिए जाना जाता है। यह भवन समाज के भविष्य और एकता का प्रतीक बनेगा। 25 लाख रुपए की यह राशि समाज के कल्याण के लिए एक समर्पित निवेश है। यह सामुदायिक भवन सर्वसुविधायुक्त होगा, जिससे विवाह, बैठकें और सामाजिक उत्सवों के लिए सर्वसुलभ स्थान प्राप्त होगा।

# बस्तर में जिले के युवाओं ने सीखा नेतृत्व का पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

माय भारत केन्द्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 25 से 1 मार्च तक बस्तर (जगदरपुर) में किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 3 जिलों गरियाबंद रायपुर महासमुंद से 37 युवा प्रतिभागी सहभागिता लिए। कार्यक्रम का परिचय अंजली मैम ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की इस अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराना, राष्ट्रीय एकता एवं आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करना तथा युवाओं में नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। कार्यक्रम में गए पोखन ठाकुर गरियाबंद जिले के निवासी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि चाहे पुलवामा आतंकी हमला हो या पहलगाम की चुनौतीपूर्ण घटनाएँ, माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने हर बार देशवासियों की आशा और विश्वास के अनुरूप सशक्त एवं निर्णायक उत्तर दिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व पटल पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है, तो उसके पीछे मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की सोच है। नरेन्द्र साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूक युवा ही मजबूत समाज की नींव है, आज का युवा वर्ग केवल पैसा-पैसा करने तक सीमित न रहे, बल्कि देश की अस्मिता, संस्कृति और गौरव की रक्षा को भी अपना कर्तव्य माने। साहू ने गौसेवा, अन्न का सम्मान, तथा भोजन को व्यर्थ न फेंकने जैसे विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला, गौसेवा भारतीय संस्कृक्ति की आत्मा है और अन्न का अपमान करना मानवता का अपमान है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आएँ और सेवा, संस्कार व समर्पण को अपने जीवन का आधार बनाएँ। कार्यक्रम के अंत में साहू ने उपस्थित युवाओं को राष्ट्रसेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और सांस्कृक्तिक संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़े, तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# विप्र समाज ने मनाया होली मिलन

**महिला दिवस, 35 वरिष्ठ मातृशक्तियों का हुआ सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम





विप्र समाज महिला मंडल द्वारा नीलकंठ मंदिर में होली मिलन एवं अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर समस्त विप्र बहनों ने एक दूसरे को कि होली एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। शशि दुबे ने कहा एक साथ बैठकर करिए हंसी मजाक 60 साल के बाद पड़ गए एक नुकीले रंग बहुत दिनों के बाद आज मिला इतना बड़ा सत्संग बोलो सा रा रा फाग गीत से रंग जमा दिया श्रीमती संध्या तिवारी ने कहा कि समाज में सभी को एक जुट होकर कार्य करना चाहिए कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता नारी स्वयं शक्ति स्वरुप है। विप्रमहिला मंडल की अध्यक्ष रेखा तिवारी ने कहा कि वैसे तो महिलाओं के सम्मान का कोई एक दिन तय नहीं होता लेकिन ऐसे मौके पर हमें उस मातृशक्तियो का सम्मान उदर करना चाहिए जो घर परिवार, समाज में रहकर कई क्षेत्रों में कड़ी मेहनत और संघर्ष से सफलता की मिशाल भी बनती है। समाज के वरिष्ठ 35 मातृ शक्तियो का सम्मान किया गया जिसमें श्रीमति संजना दुबे, पुष्पलता दुबे, विजय लक्ष्मी शर्मा, रमा शर्मा, मंजू शर्मा, अनिता दुबे, मीना शर्मा, शशि दुबे, बीना शर्मा,कस्तूरी तिवारी ,भारती दीवान, पुष्पलता शर्मा, सुभद्रा शर्मा, रानी तिवारी, इंदू मिश्रा, लता मिश्रा सविता दुबे, कुमुदनी शर्मा तथा श्रीमती संध्या तिवारी, श्रीमती सीमा शर्मा, संध्या शर्मा, सोमा शर्मा, डाँ श्वेता पांडेय, ममता शर्मा, भावना शर्मा , ईश्वरी शर्मा, अनिता शर्मा, सुनीता शर्मा को सम्मान स्मृति चिन्ह, शाल, फूलमाला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन- विप्रकुल महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा तिवारी, संरक्षक विद्या तिवारी, शकुंतला तिवारी, संगीता शर्मा, नंदनी शर्मा, भावना शर्मा, मुक्ति शर्मा ,स्वाति शुक्ला रेखा शुक्ला , तनु मिश्रा, कुमुद पुरानिक, पुष्पाजली तिवारी, समृति शर्मा , पूनम दीवान, कुशली दीवान, अनामिका तिवारी ,गुंजा मिश्रा, किरण तिवारी, उमा शर्मा , योगिता दुबे त्रिवेणी मिश्रा, ममता मिश्रा, पूजा पांडेय ने किया । समाज के बहुत अधिक संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही। संचालन पूनम दीवान एवं आभार कुशाली दीवान ने व्यक्त किया।

# महिला दिवस पर जिला स्तरीय खेलकूद और महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद





**नारी शक्ति के आत्मविश्वास को मिला नया मंच**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला प्रतिभागियों के मध्य खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी तथा गोला फेंक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खो-खो प्रतियोगिता में यशोदा बाई एवं साथी की टीम प्रथम तथा चुनेश्वरी साहू एवं साथी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी प्रतियोगिता में शिवकुमारी एवं साथी की टीम प्रथम और धनेश्वरी एवं साथी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। रस्साकसी प्रतियोगिता में महेश्वरी एवं साथी की टीम प्रथम तथा रधिया बंजारे एवं साथी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। व्यक्तिगत खेल गोला फेंक में अम्बिका ध्रुव (धवलपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लकेश्वरी (कोदोबतर) द्वितीय और उर्वशी वस्त्रकार तृतीय स्थान पर रहीं। जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 20 महिलाओं को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन ब्लॉक नोडल गरियाबंद श्री संजीव साहू, शिक्षकों एवं व्यायाम शिक्षकों के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद तथा एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता एवं महिला सम्मेलन का आयोजन गांधी मैदान/मंगल भवन गरियाबंद में उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं में खेल भावना का विकास करना, शारीरिक सुदृढ़ता बढ़ाना तथा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लालिमा ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, जनपद पंचायत सदस्य बबीता सेन, पार्षद रेणुका साहू, पार्षद मधु देवांगन, पार्षद पुष्पा साहू, अपर कलेक्टर (प्रभारी खेल अधिकारी) ऋषा ठाकुर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी ऋषि बंजारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लालिमा ठाकुर ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और खेल के माध्यम से वे आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर होती हैं। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य महिलाओं को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

# गायत्री शक्तिपीठ में महिला दिवस और रंग पंचमी धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा



नगर के गायत्री शक्तिपीठ छुरा में रंग पंचमी, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता कर नारी शक्ति की एकता और उत्सवधर्मिता का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री परिवार की परंपरा के अनुसार प्रार्थना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका, सम्मान और सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी की बधाई दी और होली के पारंपरिक फाग गीतों पर जमकर नृत्य किया। पूरा वातावरण उल्लास, प्रेम और भाईचारे के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान परम पूज्य गुरुदेव एवं परम वंदनीया माताजी के प्रेरणादायक विचारों को भी साझा किया गया। उपस्थित महिलाओं ने उनके संदेशों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन, नैतिक मूल्यों और संस्कारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। समारोह को और अधिक रोचक बनाने के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। विशेष रूप से कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मीना यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्चना साहू उपविजेता रहीं। विजेताओं को उपस्थित अतिथियों द्वारा बधाई दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कमला सारस्वत ने कहा कि महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने महिलाओं से समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने और एक-दूसरे को प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर दीपाली सारस्वत, मीना मेहता, कृष्णा साहू, अर्चना साहू, संध्या यादव, अरुना मेहता, सुभद्रा ध्रुव, मनीषा शारडा, एकता द्विवेदी, नेहा चंद्राकर, सत्यभामा साहू, ज्योति ठाकुर, संतोषी सोनी, दुर्गा सोनी, माहेश्वरी साहू, हर्षिता पटेल, रामबाई सिन्हा, पुष्पा पटेल, केशव प्रसाद साहू, खिलेंद्र प्रताप साहू, चेतना साहू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मीना यादव द्वारा किया गया। अंत में सभी ने मिलकर आपसी सौहार्द, सहयोग और समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



### कलार समाज ने मनाया होली मिलन और महिला दिवस

**छुईहा बेलर।** कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एंव अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ समाजिक भवन में शनिवार को मनाया गया। महिला दिवस के इस अवसर पर समाज की सक्रिय, प्रेरणादायी एवं समाज सेवा में समर्पित महिला टोपेश्वरी सिन्हा को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक स्वजातीयो ने टोपेश्वरी सिन्हा के समाज के प्रति योगदान, सक्रिय भूमिका एवं महिलाओं को आगे बढ़ाने के उनके प्रयासों की सराहना की। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर समाज सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा ,खोमन सिन्हा, राजकुमार सिन्हा इत्यादि वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण से ही समाज का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान होली पर्व की खुशियों के साथ आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से परिपूर्ण हो गया। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में नारद सिन्हा, हूकुम सिन्हा, दूर्गा प्रसाद सिन्हा, नरोत्तम सिन्हा इत्यादि अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# स्वच्छता दूतों के संग जनप्रतिनिधियों ने खेली होली



**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगण द्वारा नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, मणीकंचन केंद्र की बहनों तथा सफाई कर्मचारियों के सम्मान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय गार्डन में बड़े ही उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया।इस अवसर पर सभी ने नगर के विकास एवं स्वच्छता के लिए मिल-जुलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया। होली मिलन समारोह में मणीकंचन केंद्र की बहनों तथा सफाई कर्मचारियों का विशेष रूप से सम्मान किया गया और उनके योगदान की सराहना की गई। समारोह के दौरान सभी ने होली के पावन पर्व को आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे के साथ मनाते हुए नगरवासियों को भी होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पार्शद गण अनिल चंद्राकर, जगदीश यादव, शांति कोसरे, चांदनी कश्यप, डॉ. हरिश हरित, अभिषेक सोनी, नरेन्द्र रात्रे, हेमनारायण महिलांग, रामनारायण टांडेकर, पदमा यदु, टीकाचंद ध्रुव, रामधीन साहू, कुसुम ध्रुव चंचल यदु, मुख्यनगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर, संतोष पवार कर्मचारीगण एवं सफाई कर्मचारीगण उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जनसंवाद कार्यक्रम में फिंगेश्वर क्षेत्र के नागरिक शामिल हुए

**फिंगेश्वर।** हरिभूमि एवं आई एन एच का जनसंवाद कार्यक्रम जिला गरियाबंद का राजिम के प्रेम रतन पैलेस में आयोजित हुआ। जिसमें हरिभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी से जिला गरियाबंद के वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू मुलाकात कर चर्चा किया। साथ ही उन्हें सामूहिक रूप से शील्ड एवं गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए सम्मान किया गया। इसके साथ में अनेक जितेन्द्र सोनकर, पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम को लेकर फिंगेश्वर क्षेत्र से ओमप्रकाश बंछोर, अनिल चंद्राकर, हरिशंकर श्रीवास्तव, कमलेश यदु, पुष्पा साहू, दशरथ सिन्हा, मिंजून साहू, उत्तम सिंह राजवंशी, सियाराम धुरव, राजू साहू, मनीष हरित सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बालमुकुंद बने किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष




**छुरा।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा जी एवं राष्ट्रीय प्रभारी किसान कांग्रेस अखिलेश शुक्ला के सहमति में प्रभारी महासचिव सचिन पायलेट, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी दीपक बैज छत्तीसगढ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गेंदू के अनुमति से राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी किसान कांग्रेस मनोज नचार जी एवं राममोहन बरूवा , प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के हस्ताक्षर से निम्नलिखित प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जाती है, यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से होगी। जागेन्द्र पाण्डेय प्रदेश संयोजक, किसान मितान एवं मनरेंगा कार्यसमिति मोहम्मद अकिल हुसैन, प्रभारी महामंत्री संगठन अतिरिक्त प्रभार बिलासपुर संभा, प्रदेश उपाध्यक्ष दाऊलाल चन्द्राकर , नवीन उपाध्याय, मोहम्मद नरूल अमीन सिक्की, प्रदेश महासचिव आत्माराम क्षत्रीय प्रभारी महामंत्री प्रशासनिक कार्य, राजेश पाण्डेय प्रदेश कोषाध्यक्ष, रमेश पामभोई, बेनूराम साह, निखत खान, चमन साहू छुरा, सुमिरन सिंह गोड, हरि रजवाडे संतोष सारथी, उत्तम रजवाड़े, राहुल जसवाल, दिलीप सोनी, विवेक अग्रवाल, भरत वर्मा केके गुप्ता, प्रदेश सचिव देवाल सिंह नेताम हैं।

### संजय दुबे भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश के विशेष आमंत्रित सदस्य बने

**मैनपुर।** मैनपुर अमलीपदर निवासी संजय दुबे को भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ पदेश के विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति छत्तीसगढ़ की घोषणा की गई भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ पर विशेष आमंत्रित सदस्य में अमलीपदर से वरिष्ठ भाजपा नेता संजय दुबे को प्रदेश सदस्य बनाया गया है। इसके प्रति श्री संजय दुबे ने भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस विश्वास के साथ मुझे सदस्य चुना उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं एवं भाजपा के प्रति निष्ठा पूर्वक कर्तव्यों का पालन करते हुए पार्टी के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा।

### महिला शक्ति के सम्मान का दिन है महिला दिवस

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजसेवी निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है।

---

**कार्यक्रम : आईएनएच एवं हरिभूमि का जिला संवाद कार्यक्रम : 2026**

# तीखे सवाल और रोचक संवाद के जरिये विकास की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के प्रेम रतन मैरिज पैलेस में आयोजित आईएनएच एवं हरिभूमि के जिला संवाद कार्यक्रम में सवाल-जवाब और राजनीतिक नोंकझोंक के बीच माहौल कई बार तालियों और ठहाकों से गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के तीखे सवालों ने मंच और दर्शक दीर्घा दोनों को सक्रिय बनाए रखा। चर्चा के दौरान जिले में नक्सलवाद की स्थिति, सरकार की पुनर्वास नीति, नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान, बढ़ते अपराध और गरियाबंद को जिला बनाने जैसे मुद्दों पर खुलकर बात हुई।

कार्यक्रम में कलेक्टर और एसपी से भी कानून व्यवस्था और प्रशासनिक पहल को लेकर सवाल-जवाब हुए, जिस पर अधिकारियों ने अपनी बात रखी। विधायक रोहित साहू और पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल के बीच हुए जबर्दस्त नोंकझोंक से पैलेस का बड़ा हॉल हंसी और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अमितेश शुक्ल ने खुद को बब्बर शेर बताते हुए अपनी बात रखी, जिस पर जवाब देते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा- शेर को बताने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि मुझे शिकारी ही समझ लीजिए। दोनों नेताओं के इस संवाद पर दर्शक दीर्घा में खूब ठहाके लगे और तालियां भी बजी। विधायक रोहित साहू ने अपने दो साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को मंच से तथ्य और प्रमाण के साथ रखा। सड़कों के जाल एवं महानदी में बैराज जैसे सहित कई विकास कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू और धनेन्द्र साहू ने भी क्षेत्रीय मुद्दों पर अपनी बातें रखीं। वहीं बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव से भी कई सवाल पूछे गए, जिनका उन्होंने जवाब दिया।



### जनता के लिए काम कर रही है साय सरकार

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल से डॉ हिमांशु द्विवेदी ने जब पूछा कि वे राज्य के मंत्री और सांसदी को किसतरह से देखते हैं, तो उन्होंने कहा कि पहले तालाब में तैरते थे, अब समुद्र में तैरने का मजा ले रहे हैं। काम करना हमारे स्वभाव में शामिल है और उसमें हमें आनंद भी आता है। दोनों सरकारों की तुलना के सवाल पर उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार अपने लोगों के लिए काम करती थी, जबकि विष्णुदेव साय की सरकार जनता के लिए काम कर रही है। बृजमोहन अग्रवाल ने यह भी कहा कि राजिम कुंभ मेले को लेकर सरकार ने काफी काम किया है, इसे ये सरकार आगे बढ़ा रही है। साधु संतों के दर्शन के लिए बाहर जाने की जरूरत अब नहीं पड़ रही। इस बार के मेले में इवेंट कंपनियों को ठेका देने के मामले में उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिले के विकास पर अधिक ध्यान देने की जरूरत बताते हुए सक्रियता से काम करने की बात कही।

### लोगों को भा गया जिला संवाद

पूरे कार्यक्रम में आईएनएच एवं हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के तीखे सवालों और नेताओं के बेबाक जवाबों ने माहौल को जीवंत बनाए रखा, दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने इसे खूब पसंद किया। वहीं राजनीतिक नोकझोंक और हास्य के पल दर्शकों के लिए खास आकर्षण बने रहे। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रदेश के खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल से भी सवाल किए जिसका जवाब उन्होंने बड़ी शालीनता से दिया। कार्यक्रम के अंत में राजिम ब्यूरो चीफ श्यामकिशोर शर्मा एवं उनके टीम ने प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी का शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान श्याम किशोर शर्मा और सोमा शर्मा उपस्थित थीं।समारोह के दौरान दोनों शहर के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने डॉ हिमांशु द्विवेदी का सम्मान किया।

### हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम की बोलती तस्वीर



हरिभूमि-आईएनएच के शैलेष पांडे ने जितेंद्र सोनकर,आरबी शर्मा,गिरधारी अग्रवाल,लाला साहू से संवाद करते हुए।





हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी का मेमोंटो भेंट कर नवापारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने सम्मान किया।



### तालियों और ठहाकों से गूंजता रहा हॉल



हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी मंच में मौजूद राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव एवं प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल से संवाद करते हुए।



हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने सेवानिवृत्त प्राचार्य समाजसेवी आर बी शर्मा का मेमोंटो भेंट कर सम्मान किया।



हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सम्मान मोमेंटो, शॉल श्रीफल से हरिभूमि के राजिम ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा, मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान, आइएनएच के संवाददाता सोमा शर्मा, उत्कर्ष शर्मा एवं सभी रिपोर्टरो ने किया।



कार्यक्रम में राज्य के खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में राजिम की जनता मौजूद थी।



विधायक रोहित साहू ने हरिभूमि के एजीएम नीलेश द्विवेदी का सम्मान शॉल श्रीफल से किया।



### जिला संवाद में जुटे दिग्गज

**राजिम।** शनिवार को राजिम मुख्यालय के प्रेमरतन मैरिज पैलेस-रिसार्ट में आईएनएच एवं हरिभूमि द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी पहुंचे। यहां विधायक रोहित साहू सहित पूरे शहरवासियों ने फूल माला पहनाकर बुके भेंटकर उनका शानदार स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश के खाद्य व जिला प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेष शुक्ल का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, नगर पंचायत राजिम के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर,नगर पंचायत राजिम के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर, सेवानिवृत्त प्राचार्य आरबी शर्मा, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नवापारा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष रिखी यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा-जगन्नाथ साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, भाजपा नेता किशोर देवांगन, सहित जिले के कलेक्टर बीएस उइके, एसपी वेदव्रत सिरमौर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आयुष शर्मा,अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर किया गया।



---

**होली मिलन समारोह में सामाजिक एकता और शिक्षा पर दिया गया जोर**

# शिक्षा और संगठन से ही होगा समाज का उत्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ठेठवार यादव समाज छुरा राज द्वारा होली मिलन समारोह 8 मार्च को समाजिक भवन में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के संरक्षक और पदाधिकारी व पंचगण भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के चित्र पर अबीर गुलाल अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस दौरान समाज के संरक्षक डी आर यादव, प्रहालद यदु, राजेश यादव, धनीराम यादव, अध्यक्ष चमन यादव, कोषाध्यक्ष परमेश्वर यादव, सचिव योगेश यादव , सलाहकार कन्हैया लाल यादव, प्रवक्ता देवनारायण यादव सहित सभी पदाधिकारी व पंचगण उपस्थित थे। प्रहलाद यदु ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म यादव कुल में हुआ और उनके द्वारा दिए गए भगवद गीता के उपदेश आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। इसी कड़ी में डी आर यादव ने सभी को होली पर्व की बधाई देते हुए सभी को समाज के विकास के लिए एकजुट होने और मिल-जुलकर कार्य करते रहने की बात पर जोर दिया। राजेश यादव ने कहा ठेठवार यादव समाज एक अलग पहचान रखता है।

निरंतर कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियों द्वारा समाजजन एकजुट होकर अपनी प्रतिबद्धता निभा रहे हैं। कन्हैया लाल यादव ने अपने संबोधन में कहा शिक्षा शेरनी का दूध है,जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा, इसलिए समाज को शिक्षित और संगठित होना चाहिए। समाज के अध्यक्ष चमन यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा का वर्णन करते हुए समाज की विगत गतिविधियों की जानकारी दी।



### युवा पीढ़ी के लिए मिसाल

आगे कहा कि यह समाज की आने वाले युवा पीढ़ी के लिए एक अच्छा संदेश है। किसी भी समाज की एकजुटता और समर्पित कार्यभाव ही समाज को विकास की धारा में बांधे रखती है, होली मिलन और अन्य कार्यक्रम के बहाने आप सभी एक दूसरे से मिलते हैं और एक दूसरे को समझते हैं। इस कड़ी में धनीराम यादव ने समाज के उत्थान और समाज में लड़कियों की उच्च शिक्षा, सामाजिक एकता पर बल देते हुए कुरीतियों को दूर कर एकता की बात कही। इसके पश्चात सभी उपस्थित स्वजातीय बंधुओं को गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया। और एक दूसरे को विश्वास और समरसता का रंग लगाकर भाईचारे का संदेश दिया और पर्व की खुशियां बांटी। आभार व्यक्त कोषाध्यक्ष परमेश्वर यादव ने कहा कि अपना बहुमूल्य समय देकर इसे सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर होमेश्वर, ढपेन्द्र यादव, गोपीराम, नंदलाल यादव, लोकेश, रामनाथ, राम खिलावन, झमन, लखन लाल, ओमप्रकाश, संतोष, पवन, गणेश, मंशाराम, अभय, चिंताराम सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

